तापमान
अधिकतम 45.3 डिग्री
न्यूनतम 25.9 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार, 19 मई 2024


15 डिजिटल युग में नवाचार विकास की कुंजी


16 सुनारियां रोड पर बिजली पानी को लेकर लगाया जाम



# D.G.V. SR. SEC. PUBLIC SCHOOL
## THE SCHOOL OF BRILLIANT BRAINS
Congratulates the students for maintaining **100% Results**

## 58.7% STUDENTS OF CLASS 10TH GOT DISTINCTION


Ipshita 95% | Nistha 94.8% | Manshu 94.2% | Rashika 93.4% | Kashvi 93% | Lavya 92.6% | Anushka 91.8% | Prityush 91.2% | Aadi 91%


Simran 87.8% | Sanchit 87.4% | Harshita 86.4% | Bhakti 86% | Yathesth 85.8% | Tavisha 85.6% | Simran 81.8% | Mayank 80.8% | Jatin 80.6%



Parth 80.4% | Kamya 80.2% | Vritant 80% | Trijal 79.8% | Saumya 77.8% | Saket 77% | Gracy 75.6% | Kashish 75.4% | Mansha 75.4%


**SUBJECT WISE HIGHEST MARKS**

| I.T. 97 | S.Sc. 98 | English 94 | Science 96 | Hindi 96 | Maths 99 |
|---|---|---|---|---|---|
| Rashika | Ipshita | Ipshita | Ipshita | Kashvi | Manshu, Nishtha |

## FEW OF OUR SHINING STARS OF 10+2
### 55% STUDENTS OF CLASS 12TH GOT DISTINCTION

**ADMISSION OPEN**
FOR 11th CLASS
All Streams


Harshita 96% | Disha 94.8% | Amithi 92.2% | Manan 91.4% | Hanshika 90.8% | Rachit 90% | Nishu 89% | Palak 88.4% | Riya 87% | Hazel 86.2% | Madhav 85.6% | Harshita 85.4%


Prateek 83.2% | Mitali 82.8% | Nikunj 82.2% | Arpit 81.4% | Khush 81.2% | Sneha 80.8% | Bhavay 79.4% | Nakul 78% | Priyanshi 77.2% | Nidhi 76% | Yug 75%

**SUBJECT WISE HIGHEST MARKS**

Music 99 – Disha, Harshita
B. Studies 97 – Rachit
Accountancy 95 – khush, Hanshika, Amithi
Political Science 98 – Harshita
Geography 98 – Disha
Chemistry 92 – Palak
Biology 92 – Palak
English 95 – Hazel
Maths 88 – Disha
Physics 83 – Prateek
Economics 95 – Riya and Amithi
Physical Education 99 – Harshita

peek... a... boo...
KIDDIES COLLEGE
Perfection without home-work

# KIDDIES COLLEGE
THE DISTINCTIVE PRE-SCHOOL

Medical Mor
Rohtak-124001
#8689043838

## खबर संक्षेप



### हमारा मत ही हमारी शक्ति : प्राचार्य

**रोहतक।** स्वीप के अंतर्गत पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय वोट डालने के प्रति प्रेरित करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसकी शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लोकेश बल्हारा ने की। उन्होंने सभी को आने वाले चुनाव में अपने मताधिकार प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारा मत ही हमारी शक्ति है और हमें इस शक्ति का प्रयोग जरूर करना चाहिए। महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉक्टर सतवीर सिंह ने भी हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया तथा सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

### पुलिस ने बहुअकबरपुर में निकाला फ्लैग मार्च

**रोहतक।** लोस को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा शनिवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। कलानौर व बहुअकबरपुर क्षेत्र में उप पुलिस अधीक्षक कलानौर राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने मार्च निकाला। इस दौरान लोगों से कानून का पालन करने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने बताया कि आम चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के व्यापक बंदोबस्त किए हैं।

# सुनारियां रोड पर बिजली-पानी को लेकर लोगों ने लगाया जाम

## ढाई घंटे रोड पर डटे रहे लोग, पुलिस ने समझाकर खुलवाया रास्ता, वाहन चालक रहे परेशान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

तापमान बढ़ने के साथ ही शहरवासियों को पीने के पानी की किल्लत और बिजली के कटों से जूझना पड़ रहा है जिसकी वजह से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। शनिवार को अमृत कॉलोनी, अजीत कॉलोनी, गोकुल कॉलोनी व श्रीराम नगर के निवासियों ने सुनारिया रोड पर जाम लगा दिया। लोगों ने कहा कि न तो पीने का पानी मिल रहा है और न ही समय पर बिजली मिल रही है। सीवर जाम हो चुके हैं और गलियों का निर्माण नहीं किया जा रहा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझा कर जाम खुलवाया। इस दौरान राहगीरों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, लोगों ने सुबह करीब दस बजे सुनारिया रोड पर जाम लगा दिया। महिलाएं और पुरुष रास्ते बंद करके सड़क पर बैठ गए। इसकी वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लग गई। जाम की सूचना पुलिस को दी गई। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। लोगों ने बताया कि न तो पीने के पानी की सप्लाई आ रही है और न ही बिजली पर्याप्त मिल पा रही है। कई कई घंटे तक दिन रात कट लग रहे हैं। सीवर जाम हो चुके हैं। जिनकी सफाई नहीं करवाई जा रही। गलियां और सड़कें टूटी पड़ी हैं। उनकी शिकायत सुनने वाला कोई नहीं है। लोगों में काफी गुस्सा देखने को मिला। उन्होंने जिला प्रशासन से समस्याओं के निवारण की मांग की। करीब ढाई घंटे बाद आश्वासन मिलने पर लोगों ने जाम खोला।



**रोहतक।** जाम के दौरान कॉलोनीवासियों से जानकारी लेते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

**सुनाई खरी-खरी**

- अमृत कॉलोनी, अजीत कॉलोनी, गोकुल कॉलोनी व श्रीराम नगर के लोगों ने समस्याओं को लेकर अधिकारियों को सुनाई खरी- खरी

### पानी की किल्लत बढ़ी

लाढ़ौत रोड पर पानी भेजने में जन स्वास्थ्य विभाग फेल नजर आ रहा है। शाम के समय कुछ मिनटों के लिए सप्लाई की जाती है जो बसंत विहार कॉलोनी तक नहीं जाती। लोग दर्जनों बार विभाग को शिकायत कर चुके हैं, कोई सुनवाई नहीं की जा रही।

**टेल के कारण नहीं पहुंच रहा पानी:** विभाग के अधिकारियों का कहना होता है कि आखिरी टेल के कारण पानी नहीं जा पाता। क्योंकि शाम के समय कम प्रेशर में पानी छोड़ा जाता है।



**महम।** राष्ट्रीय डेंगू डे पर आयोजित पेंटिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी।

## सीसर खास में मनाया राष्ट्रीय डेंगू डे ग्रामीणों को बताए बचाव के तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

नागरिक अस्पताल महम द्वारा गत दिवस सीसर खास गांव में राष्ट्रीय डेंगू डे मनाया गया। इस दौरान ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को डेंगू से बचने के तरीके बताए गए। सरकारी अस्पताल महम के स्वास्थ्य निरीक्षक सुनील कुमार अहलावत की देखरेख में गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पेंटिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिताओं में छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हैल्थ इंस्पेक्टर सुनील कुमार अहलावत ने ग्रामीणों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को डेंगू बुखार से बचाव के तरीके बताए। साथ ही बताया कि वे किसी प्रकार डेंगू व मलेरिया के लारवा को पनपने से रोक सकते हैं। साथ ही बताया कि सरकारी अस्पताल में डेंगू और मलेरिया की जांच निशुल्क की जाती है। डॉ. अंजू जांगड़ा ने बताया कि घरों, दफ्तरों व अन्य प्रतिष्ठानों में पानी के सभी स्रोतों को सप्ताह में एक बार जरूर साफ करें। जिन टंकी अथवा बर्तन में पानी जमा रखा जाता है, उसको हफ्ते में एक बार सुखा भी लें।

टायरों, फ्रीज की ट्रे, व गमलों आदि में भी पानी जमा न होने दें। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजू जांगड़ा, सरोज देवी, कुलदीप सिंह, सुमित कुमार व संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### बहलबा के पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**महम।** बहलबा गांव के एक किसान ने पटवारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। किसान ने इसकी लिखित शिकायत एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट को दी है। शिकायत पत्र पर बहलबा बजाण गांव की सरपंच कुमारी ज्योति ने भी मोहर व दस्तखत किए हैं। एसडीएम को दी शिकायत में बहलबा बजाण गांव निवासी रणबीर ने कहा है कि उनके गांव में कार्यरत राजस्व विभाग के पटवारी हरदीप ने उससे नाजायज फीस ली है। उसको अपना किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए फर्द की जरूरत थी। दो खेवट थी, जिसकी फीस 60 रुपए व खसरा गिरदावरी की फीस 12 रुपए बनती है। जो कि कुल 72 रुपए लिए जाने थे। लेकिन पटवारी ने उससे 320 रुपए वसूल लिए। रणबीर ने कहा है कि पटवारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# डेंगू से बचने के लिए स्वच्छता को अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू दिवस पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में कलानौर खंड के सांघेहड़ा गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग ने मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने ड्राइंग, स्लोगन और भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। उपायुक्त अजय कुमार के निर्देशानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ अनिल बिरला व शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल ने ग्रामीणों को डेंगू जैसी बीमारी से बचाव के लिए स्वच्छता अपनाने का आह्वान किया। सुनो नहरों की पुकार मिशन टीम और जाट कॉलेज के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डेंगू की बीमारी पर विस्तार पूरक जानकारी दी और समझाया कि आप को कौन-कौन सी सावधानी बरतनी है ताकि आपके आस-पास कोई भी बुखार का मरीज हो तो समय रहते आप को क्या करना चाहिए वो सब नाटक के माध्यम से दिखाने की कोशिश की गई।

डॉ अनिल बिरला ने कहा कि इस वर्ष हमारी थीम है समाज के साथ जुड़ कर डेंगू को नियंत्रित करे साथ ही स्कूलों की खिड़कियों में जाली व जाली के दरवाजे लगवाएं। बच्चों को बीमारी की रोकथाम के बारे में जानकारी व सहयोग के लिए प्रेरित करें। स्कूलों में फीवर ट्रीटमेंट डिपू खुलवाए, बच्चों को अपने घरों के आस- पास पानी ना खड़ा रहने देने व सप्ताह में एक दिन रविवार को ड्राई-डे मनाने के लिए प्रेरित करें। इसको विज्ञान के प्रोजेक्ट की

### हाउस कैप्टन और हेड बॉय का चयन किया

**महम।** मॉडल स्कूल महम में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिनमें चारों सदनों आर्यभट्ट, सरोजिनी, टैगोर और विवेकानंद सदन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, प्रीफेक्ट, स्पोर्ट्स कैप्टन व स्कूल के हेड बॉय और हेड गर्ल का चयन किया गया। इन विद्यार्थियों ने अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा के साथ पूर्ण करने की शपथ ली। प्राचार्य राजेश नांदल ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और अपने कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। मॉडल स्कूल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष अजय कुमार और सचिव राजेश कुमार सहगल ने विद्यार्थियों में नेतृत्व के गुणों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

# पिछले 10 साल में भाजपा ने हर आदमी को रुलाया: दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने रोहतक के महम हलके के गांव मोखरा, मदीना, अजायब, भराण, बेलबा में चुनाव प्रचार कर कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीजेपी को सबक सिखाने का मौका आया है।

पूरा देश देखेगा कि जनता 750 किसानों की जान लेने वालों के साथ है या किसानों के साथ, खिलाड़ी बेटियों का अपमान करने वालों के साथ या न्याय दिलाने के लिए खड़े होने वालों के साथ, संविधान तोड़ने का नारा देने वालों के साथ या संविधान बचाने वालों के साथ। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने की अपील करते हुए कहा कि इस बार देश के संविधान को बचाने, हरियाणा को विकास की पटरी पर लेकर जाने, किसानों, खिलाड़ी बेटियों के अपमान का जवाब देने का वोट है। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि 10 साल में भाजपा ने हरियाणा का हर आदमी रुला दिया है। उन्होंने कहा कि अगर महम में इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भाजपा सरकार यूपी नहीं ले जाती तो आज हरियाणा का नक्शा ही कुछ और होता। भाजपा सरकार इन दोनों बड़ी परियोजनाओं को हरियाणा से बाहर ले गयी।



### निगम ने डेयरी मोहल्ला की गलियों से अतिक्रमण हटाया, लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम की टीम ने शनिवार को डेयरी मोहल्ला में गलियों में बने रैंप तोड़ने की कार्यवाही की। जिससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। उनका आरोप है कि रैंप तोड़ने में भी भेदभाव किया गया है, इसलिए अधिकारी के खिलाफ जांच होनी चाहिए। डेयरी मोहल्ला में करीब 25 से 40 गज के मकान हैं। आर्थिक कमजोरी के कारण इन्ही छोटे मकानों में रहना इन लोगों की मजबूरी है।

जगह कम होने के कारण आवागमन के लिए मकानों के दरवाजे के आगे एक या दो सीढ़ियां बनाई गई हैं। शिकायत के आधार पर निगम ने यह कार्यवाही की। लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों के रैंप बचा लिए गए जबकि गरीब लोगों के मकानों के रैंप तोड़ दिए गए। उन्होंने अधिकारी के खिलाफ जांच एवं कार्रवाई की मांग की।

# 15 टीमों ने घर-घर जाकर करवाया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक







- मतदान से वंचित रहने वाले मतदाताओं की वोट 20 को डलवाई जाएगी
- 239 मतदाताओं ने घर से मतदान के लिए किया था आवेदन

जिले की चारों विधानसभाओं में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए 15 टीमें गठित की गई है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार के निर्देशानुसार इन टीमों ने शनिवार को प्रथम दिन घर से मतदान करने की स्वीकृति देने वाले ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करवाया।

शनिवार किसी कारणवश मतदान से वंचित रहने वाले शेष मतदाताओं के मतदान के लिए 20 मई को संबंधित टीमों द्वारा दोबारा उनके घर जाकर मतदान करवाने का प्रयास किया जाएगा। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जिला की चारों विधानसभाओं में ऐसे मतदाताओं की संख्या 239 है, जिन्होंने घर से मतदान करने का आवेदन किया है। महम विधानसभा में 58 मतदाताओं के मतदान के लिए चार टीमें, गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा में 116 मतदाताओं के घर से मतदान के लिए 6 टीमें, रोहतक विधानसभा में 21 मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा के लिए दो टीमें तथा कलानौर (अनुसूचित जाति) विधानसभा में ऐसे 44 मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान करवाने के लिए तीन टीमें गठित की गई है। चारों विधानसभाओं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों ने संबंधित स्ट्रोंग रूम से मतदान पार्टियों को चुनाव सामग्री वितरित की। कलानौर विधानसभा की सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने सीआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन के ब्लॉक-2, महम विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी दलबीर फौगाट ने महारानी किशोरी जाट कन्या कॉलेज के बहुउद्देश्यीय हॉल, गढ़ी-सांपला-किलोई के सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुभाष चंद्र जून ने जाट कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल तथा रोहतक विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी आशीष कुमार ने जाट हीरोज मेमोरियल एंगलो वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थापित किए गए स्ट्रोंग रूम में घर से मतदान करवाने के उद्देश्य से गठित की गई मतदान टीमों को चुनाव सामग्री वितरित की।



### वैश्य कॉलेज में संगोष्ठी: आधुनिक युग में बौद्धिक संपदा देश के विकास में महत्वपूर्ण : यशरी दीक्षित

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज में शनिवार को बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर राष्ट्रीय ई संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया के सीनियर अधिवक्ता डॉ. आदिश अग्रवाल, अधिवक्ता नितिन बंसल तथा डॉ. राजेंद्र गोयल ने अपने विचार सांझा किए। मुख्य वक्ता सीएस यशरी दीक्षित ने बताया कि बौद्धिक संपदा एक व्यक्ति या संस्था द्वारा स्वनिर्मित व स्वसृजित संपदा है, जिसका अनुपयोग न हो या दूसरा व्यक्ति आपकी संपदा को अपने नाम से प्रयोग न करे, इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक संपदा का रजिस्ट्रेशन करवा लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि बौद्धिक संपदा कई तरह की होती हैं जैसे ट्रेड मार्क, पेटेंट्स, कॉपीराइट, ट्रेड सीक्रेट आदि। उन्होंने ट्रेड मार्क को रजिस्टर करवाने से संबंधित पूरी प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में बौधिक संपदा देश के विकास में महत्वपूर्ण है। संस्था के प्रधान नवीन कुमार जैन ने कहा कि कॉलेज के शिक्षक मौलिक शोध पर अपना ध्यान केंद्रित करें।

### मातूराम इंस्टीट्यूट में करियर काउंसलिंग आज

**रोहतक।** मातूराम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट 19 मई को कॉलेज में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन करेगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य हाल ही में 12वीं पास छात्रों को उनके करियर के लिए सही दिशा निर्देश देना है। करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों और करियर विकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इससे छात्रों को अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार उचित करियर विकल्प चुनने में सहायता मिलेगी। मातूराम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में बीटेक, एमटेक, बीसीए और एमबीए पाठ्यक्रम शामिल हैं। बीटेक में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विकल्प उपलब्ध हैं। वहीं एमटेक में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग और सिविल इंजीनियरिंग के विकल्प प्रदान किए जाते हैं।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- B.A.M.S. DOCTOR 4
- R.M.O. 6
- COMPUTER OPERATOR 4
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

SANSKARAM UNIVERSITY
INVITES APPLICATIONS FOR
JOIN OUR ESTEEMED SANSKARAM TEAM
Assistant Registrar - 10 AR Academics - 2
AR Estates (Purchase officer, Storekeeper, Supervisor) - 5
IT Manager - 1 Network & Hardware Engineer - 2
Admission Counsellor - 4 AR Finance - 2 PS - 3
Tele Counsellors - 15 Librarian - 2 Receptionist (F) 2
Salary AR (25K-45K) | PS (20K-35K) | Librarian (15K-35K)
Admisson Couns. (15K-30K) | Clerk & Supervisor (15K to 25K)
Receptionist (Female) - 20K-60K
Short-listed Candidates will be Called/Mailled for Interview on 28th May 2024. Email Your CV on Job@sanskaramuniversity.ac.in.
- Qualification for appointment of AR will be as per UGC norms.
- The Knowledge of Computer is Mandatory.
- For Exceptionally good Candidates salary and designation may be negotiated at the time of personal interview.
Closing Date of Applications : 25th May 2024
Transport facility Available from Delhi, Gurugram Metro, Bahadurgarh Metro, Rohtak, Bhiwadi, Dharuhera, Rewari & Jhajjar
Scan QR Code For Location
Call : +91-8397970811, +91-8397970812 | www.sanskaramuniversity.ac.in

SHEETAL SPORTS SR. SEC. SCHOOL
(Affiliated to CBSE, New Delhi via Code -530637) (English Medium Co-Education School)
VPO-Kiloi Dopana, Rohtak, Haryana-124401
Congratulations to all the Sheetal Sports Stars
Shining Stars of 12th
JATIN 92% VANSHIKA 90.4% PANKAJ 87.6%
ARADHYA 85.6% JYOTI 85.4% ANSHIKA 84.6%
SNEHA SHARMA 84.4% CHAMAN 83.8% RAHUL 82%
Shining Stars of 10th
SHUBHAM 90.8% KRISH 89.2% TANIYA 86%
AKSHANSH 85% SAKSHAM 84% ANSHU 82.8%
HARDIK 81% NAMAN 79.6% YANISH 79.4% KARTIK 79.2%
Mr. Vinod Hooda (Director)
M. 9053111400, 9813911200
E-mail: sheetalsportsschool@gmail.com
Mr. Anil Hooda (Principal)

16 15 टीमों ने घर घर जाकर करवाया मतदान



---

### दिल्ली से स्कूटी पर वारदात करने के लिए आता था रोहतक

# गाजियाबाद का गैंगस्टर रोहतक में करता था स्नेचिंग, धर दबोचा

- तीन वारदातों को अंजाम देकर भाग रहा था आरोपी
- साल 2024 की 11 व 2022 की 7 वारदातों का खुलासा
- आरोपी पर गाजियाबाद में दो दर्जन से ज्यादा मामले हैं दर्ज
- गाजियाबाद में गैंगस्टर एक्ट के तहत हो चुका गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

पुलिस के एवीटी स्टाफ ने शहर में लगातार स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसने 17 मई को शहर में तीन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम दिया था। स्नेचिंग के बाद भाग रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया था। उससे पूछताछ में कई चौकाने वाले खुलासे हुए। वह गाजियाबाद में गैंगस्टर था और अब शाहदरा दिल्ली से स्कूटी पर रोहतक स्नेचिंग करने आता था। उस पर दर्जनों केस दर्ज हैं। वह दिल्ली से स्कूटी पर स्नेचिंग करने रोहतक आता था। डीएसपी विद्यानन्द ने बताया कि 17 मई को काली स्कूटी सवार युवक द्वारा एक



के बाद एक स्नेचिंग की तीन वारदातों को अंजाम देने की सूचना मिली। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग के दिशा निर्देशों अनुसार अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। जिसमें सभी सीआईए स्टाफ व एवीटी स्टाफ की टीमों को शामिल किया गया। पुलिस द्वारा सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी कर वाहनों की गहनता से जांच की गई।

### इन वारदातों को दिया अंजाम

- किशनलाल ने 17 मई को अपने पति के साथ गली में घूम रही महिला के गले से सोने की चेन छीनने की वारदात को अंजाम दिया। इसके अलावा सेक्टर-1 निवासी महिला के गले से सोने की चेन छीनने की वारदात की। तीसरी वारदात झंग कॉलोनी निवासी युवती के गले से मंगलसूत्र छीनकर की।
- युवक ने 17 मार्च को सेक्टर-2 में एक महिला के गले से चेन छीनने की वारदात की। इसके अलावा रामगोपाल कॉलोनी में एक महिला के गले से मंगलसूत्र छीना।
- युवक ने 21 अप्रैल को सेक्टर-2 में एक महिला के गले से चेन छीनी। इसी दिन सेक्टर 3 में चेन स्नेचिंग की। -युवक ने 27 मार्च को सेक्टर-3 निवासी महिला के गले से चेन छीन कर फरार हुआ।
- 24 अप्रैल को सेक्टर-2 निवासी महिला और सेक्टर 1 निवासी महिला के गले से चेन छीनी।
- 6 मई को सेक्टर-2 निवासी महिला के गले से चेन छीनी गई।

### चुलियाना मोड़ पर पकड़ा

इस दौरान एवीटी स्टाफ के एसआई सतीश कादयान व एएसआई अनिल दहिया के नेतृत्व में चुलियाना मोड़ पर नाका लगाकर गहनता से वाहनों की जांच की जा रही थी। उसी दौरान काली स्कूटी सवार युवक नाकाबंदी देखकर वहां से भाग गया। एएसआई अनिल ने स्कूटी सवार युवक का पीछा करते हुए युवक को स्कूटी सहित काबू किया। युवक की पहचान किशनलाल निवासी विवेक विहार, ज्वाला नगर शाहदरा दिल्ली के रूप में हुई। युवक से छीने गई सोने की चेन व मंगलसूत्र बरामद किए गए।

### जुआ व सट्टा खेलता है आरोपी

आरोपी से गहनता से पूछताछ करने पर सामने आया कि उसने रोहतक में साल 2024 में स्नेचिंग की 11 तथा साल 2022 में 7 वारदातों को अंजाम दिया था। वह शाहदरा दिल्ली से स्कूटी पर सवार होकर शाम के समय रोहतक में आता था। आरोपी एक दिन में दो, तीन स्नेचिंग की वारदात करने के बाद स्कूटी से ही शाहदरा फरार हो जाता। उसकी उम्र 40 वर्ष है और वह शादीशुदा है। उसकी पत्नी से अनबन होने के कारण वह अलग रह रहा है। वह जुआ,सट्टा खेलने का आदी है। स्नेचिंग से आए पैसों से वह जुआ, सट्टा खेलता है। उसने अकेले ही स्कूटी की नम्बर प्लेट बदल कर वारदातों को अंजाम दिया।


### 2018 में आया अपराध की दुनिया में

पुलिस के मुताबिक वह सन 2018 से स्नेचिंग कर रहा है। उसके खिलाफ गाजियाबाद में 2019 से पहले अवैध हथियार, हत्या का प्रयास, स्नेचिंग, लूट आदि धाराओं के तहत सात मामले दर्ज हैं। उसे 2019 में यूपी पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान गिरफ़्तार किया गया जिसमें वह अप्रैल से अगस्त 2019 तक जेल में बंद रहा। जमानत पर आने के बाद वह फरार हो गया। उसने सन 2021 में फिर से 7 आपराधिक वारदात की। उसे गैंगस्टर एक्ट के तहत 2022 में यूपी पुलिस द्वारा गिरफतार कर एक साल के लिए जेल भेजा गया। वह सन 2023 में फरवरी माह में जेल से बाहर आया।

---

## अवैध अंग्रेजी शराब की तीन पेटी बरामद

**महम।** पुलिस ने 50 हजार रुपए कीमत की अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जांच पड़ताल की तो शराब का अवैध कारोबार करने वालों का खुलासा हो गया। पुलिस ने दो युवकों को अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने बताया कि उनके पास सूचना थी कि किशनगढ़ गांव निवासी नवीन उर्फ निनी और मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर के गांव मऊ निवासी राजा बाबू पटेल मोटर साइकिल पर सवार होकर बहलबा रोड से महम की ओर आएंगे। पुलिस ने बाइपास पर बहलबा रोड फ्लाई ऑवर पर नाकाबंदी शुरू कर दी। दोनों युवक पुलिस को देखते ही बाइक को वापस ले जाने लगे। पुलिस ने चैक किया 3 गत्ता पेटी रखी हुई थी।



---

#### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर संगोष्ठी में बोले प्रो. राजबीर सिंह

# डिजिटल युग में नवाचार विकास की कुंजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मास्यूटिकल विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष में इन्नोवेटिव टेक्नोलोजीस इन डिजिटल एज विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इन्नोवेशन एंड टेक्नोलोजी, पंचकूला के सहयोग से आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने किया। प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में नवाचार विकास की कुंजी है। खासतौर पर फार्मेसी के क्षेत्र में डिजिटल नवाचार अहम है।



**रोहतक।** राष्ट्रीय संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ।

**स्कॉलरशिप प्रदान की:** इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान विभाग के पांच प्राध्यापकों तथा एक एलुमनी ने नीड कम मेरिट स्कॉलरशिप के तहत सात विद्यार्थियों को 25 हजार रुपए प्रत्येक विद्यार्थी के हिसाब से स्कॉलरशिप प्रदान की गई। विद्यार्थी विवेक ने प्रो. अरूण नंदा से, कुलदीप ने प्रो. संजू नंदा से, श्वेता व निधि ने डॉ. अनुराग खटकड़ से, महक ने डॉ. सलोनी कक्कड़ से, सौरव ने डॉ. विनीत मित्तल से तथा हरप्रीत ने डॉ. नंदकिशोर यादव से स्कॉलरशिप प्राप्त की। इस अवसर पर डॉ. अभिलाषा अहलावत, सह आयोजन सचिव डॉ. सलोनी कक्कड़ सहित अन्य उपस्थित रहे।

### रिसर्च इको सिस्टम को सुदृढ़ किया गया

डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान ने बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर शोध में नवाचार एवं प्रौद्योगिकी के समावेश को अहम बताया। उन्होंने कहा कि एमडीयू में शोध संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए रिसर्च इको सिस्टम को सुदृढ़ किया गया है। फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग के अध्यक्ष एवं संगोष्ठी कंवीनर प्रो. हरीश दूरेजा ने विभाग की उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। आयोजन सचिव डॉ. मीनू ने संगोष्ठी की विषयवस्तु पर प्रकाश डाला। जामिया हमदर्द, नई दिल्ली के प्रो. बिभू प्रसाद पांडा ने फार्मास्यूटिकल टेक्नोलोजी डेवलपमेंट एंड ट्रांसफर विषय पर व्याख्यान दिया।

---

# हसनगढ़ आईटीआई में नए सत्र की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सांपला

हरियाणा व सीबीएसई बोर्ड की तरफ से 10वीं 12वीं कक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परिणाम जारी होते ही कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की तरफ से आईटीआई में दाखिले को लेकर तैयारी करने के निर्देश जारी किए हैं। विभाग विद्यार्थियों के दस्तावेज तैयार करने के लिए कहा है। ताकि दाखिले के टाइम पर उन्हें परेशान ना होना पड़े। औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की तरफ से 2024-25 दाखिले के जारी निर्देश में कहा गया कि विद्यार्थी दाखिले के लिए अपना आधार कार्ड, बैंक खाता नंबर, ईमेल आईडी, परिवार पहचान पत्र और 10वीं 12वीं के दस्तावेज की प्रति तैयार रखें। इस महीने के आखिरी सप्ताह तक कभी भी दाखिलों की तारीख घोषित हो सकती है। हसनगढ़- आईटीआई में करीब 19 ट्रेड में 900 विद्यार्थियों के दाखिले होने है। उधर विद्यार्थी भी अब आईटीआई में दाखिले लेने के लिए शेड्यूल जारी होने का इंतजार कर रहे।




### विद्यार्थी सभी दस्तावेज तैयार कर लें

आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी अपने सभी दस्तावेज तैयार कर लें ताकि दाखिले के दौरान उन्हें परेशानी नहीं है।
-रविन्द्र चहल, प्राचार्य आईटीआई हसनगढ़

---

## बाल वाटिका से पांचवीं तक के बच्चों का समय सुबह 7 बजे किया जाए

**रोहतक।** शिक्षा विभाग ने भीषण गर्मी के मद्देनजर स्कूलों के समय में बदलवा किया है। उसमें दो शिफ्टों में लगने वाले स्कूलों में बाल वाटिका से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों को की कक्षाएं दूसरी शिफ्ट यानी 11:45 से शाम 4 बजे तक लग रही हैं। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ रोहतक के ज़िला प्रधान रामराज कादयान ने कहा कि विभाग द्वारा स्कूलों के समय में जो बदलाव किया है, इससे इस भीषण गर्मी में सामान्य स्कूलों में तो राहत मिलेगी परंतु डबल शिफ्ट वाले स्कूलों में प्राइमरी लेवल पर ये दिक्कत और बढ़ गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि डबल शिफ्ट वाले स्कूलों में प्राथमिक स्तर के स्कूल ही इवनिंग शिफ्ट में लगाये जा रहें हैं, इनका समय दोपहर 11:45 से लेकर शाम 4:15 तक का है, इस समय में गर्मी ज्यादा होती है। कादयान ने कहा कि इस शिफ्ट के कारण स्कूलों में बच्चे बीमार हो रहे हैं और छात्र संख्या भी लगातार कम हो रही है।

**समय में बदलाव हो:** जिला कोषाध्यक्ष विजय हुड्डा, राज्य उपप्रधान ललित कुमार व वरिष्ठ उपप्रधान संदीप दहिया ने राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ रोहतक की तरफ से सरकार व शिक्षा विभाग से मांग की है कि दोहरी शिफ्ट वाले स्कूलों में प्राथमिक कक्षाएं सुबह की पारी में लगाई जाएं तथा बड़े बच्चों की कक्षाएं दोहपर बाद लगनी चाहिए।




# PATHANIA PUBLIC SCHOOL

Estd. 1985

(A Co-educational Sr. Sec. School, Affiliated to C.B.S.E., Delhi)

## Congratulates Students, Parents & Teachers

### CBSE CLASS-X RESULT (2023-24)

6th RANK ALL OVER INDIA — SHUBHAM (99%)

90% AND ABOVE 73 STUDENTS

DISTINCTIONS 188 STUDENTS Out of 226 Students

| | |
|---|---|
| RIDHIMA | 98.6% |
| RESHIKA | 98.6% |
| MANPREET KAUR | 98.6% |
| RITESH | 97.6% |
| RIYA VERMA | 97% |
| PARAS KUMAR | 96.8% |
| ITEESHREE SHARMA | 96.8% |
| LAKSHITA | 96.8% |
| SUPRABHA | 96.2% |
| RAKSHITA | 96.2% |
| DEVGYA ACHARYA | 96% |
| NEHA | 95.6% |
| HIMANSHU | 95.4% |
| ADITYA KADIYAN | 95.2% |
| NAAVYA CHUGH | 95.2% |
| ISHITA KAUSHIK | 95.2% |
| PRANJAL | 94.8% |
| CHETNA | 94.6% |
| ARUSH SIKKA | 94.6% |
| PALAK | 94.6% |
| MEHAK KUMARI | 94.6% |
| AYUSHI | 94.6% |
| TANISHA | 94.4% |
| SAKSHAM | 94.4% |
| SUJAL AHUJA | 94.2% |
| MIHIR SHEORAN | 94.2% |
| KHUSHI JAIN | 94% |
| DEV | 94% |
| JASMIN LUTHRA | 93.8% |
| TRIPTI | 93.6% |
| ISHITA GILL | 93.6% |
| TANUJ PHOUGAT | 93.4% |
| VAIBHAV KHATRI | 93.4% |
| RIDDHI KOHAR | 93.4% |
| MANOJ | 93.2% |
| ISHIKA | 93.2% |
| SRISHTI | 93% |
| HARSH MALIK | 93% |
| SANIYA | 93% |
| GEETANSHI | 93% |
| SUKRITI DHULL | 92.8% |
| NANDIKA | 92.8% |
| JEESHANT DANG | 92.8% |
| AKSHRA SHARMA | 92.6% |
| DEEPSHIKHA | 92.6% |
| KARTIK | 92.6% |
| CHETANYA SAHARAN | 92.6% |
| TANISHK MALIK | 92.4% |
| ADITYA | 92.4% |
| LAKSHIT | 92.4% |
| SRISHTI | 92.2% |
| KINJAL | 92.2% |
| HARSHITA | 92.2% |
| ARNAV | 92% |
| POORVA | 92% |
| AARAV BHARDWAJ | 91.8% |
| SHUBHAM HOODA | 91.6% |
| MANSI MALIK | 91.6% |
| GUNIKA GULATI | 91.6% |
| RAMIT KATYAL | 91.4% |
| TANISHKA DUA | 91.4% |
| YASH JAIN | 91.2% |
| PARTH DUREJA | 91% |
| DARSHITA JATAIN | 91% |
| ADITYA KUMAR | 91% |
| RUPESH | 90.6% |
| TEJAS PUNIA | 90.6% |
| HARNEET KAUR | 90.6% |
| RUDRANSH KAUSHIK | 90.6% |
| SAKSHAM DHINGRA | 90.4% |
| RIYA | 90.2% |
| RAKSHIT | 90% |

Subjectwise Highest Marks : MATHS (100/100), SCIENCE (100/100), COMPUTER (100/100), ENGLISH (99/100), S.ST. (99/100)

## ADMISSION OPEN - CLASS XI

MEDICAL / NON-MED.
COMMERCE / ARTS

### CBSE CLASS-XII RESULT (2023-24)

SCHOOL TOPPER — TANISHKA (96.2%)

90% AND ABOVE 32 STUDENTS

DISTINCTIONS 105 STUDENTS Out of 168 Students

| | |
|---|---|
| ANUJ MIGLANI | 95.8% |
| KHUSHI | 95.6% |
| LAKSHAY | 95.6% |
| LUCKY DESWAL | 95.6% |
| MANAV GULATI | 95.4% |
| ANJALI | 94.8% |
| NAMRATA HOODA | 94.8% |
| ANNU | 94.4% |
| MUSHKAN VERMA | 93.4% |
| RISHITA | 93.2% |
| MUSKAN | 93.2% |
| AASHNA | 93.0% |
| ANSHIKA SINGH | 93.0% |
| MINAL | 93.0% |
| JOGENDER | 92.8% |
| AIMEN | 92.8% |
| ARPIT | 92.8% |
| SAKSHI | 92.8% |
| HARSHITA | 92.6% |
| SHRUTI | 92.2% |
| SONIKA | 91.6% |
| MITALI GUPTA | 91.6% |
| VANSHIKA | 91.4% |
| ARPITA | 91.4% |
| YOGITA | 91.4% |
| HARSHIT AHLAWAT | 91.4% |
| PURVA | 91.0% |
| MEHAK | 91.0% |
| PRACHI | 90.8% |
| ANUJ GARG | 90.4% |
| HARDIK | 90.2% |

*The legacy continues*

### IIT-JEE MAINS RESULT-2024

**Heartiest Congratulations!**

*Students, Parents & Teachers*

DHEERAJ (99.66%)
HARSHIT (99.27%)
LAKSHAY (98.92%)
ANUJ MIGLANI (98.75%)
MANAV (98.63%)
RITIKA (93.98%)
SUMIT (92.73%)
SIDDHARTH (91.45%)
NAMRATA (91.42%)

## SUCCESS IS A HABIT OF PATINES

MAIN CAMPUS
8 K.M. STONE, GOHANA ROAD, ROHTAK
Ph.: 9254377414 | E-mail : ppsrohtak@gmail.com

WORLD CAMPUS
SECTOR-34, SUNCITY, ROHTAK
Ph.: 9812478999 | E-mail : ppsworldcampus@gmail.com